01. एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने की समय सीमा समाप्त। हालांकि निर्वाचन आयोग ने कहा– मतदाता सूची पर दावे, आपत्तियाँ और सुधार आज के बाद भी दायर किए जा सकते हैं।

02. एसआईआर के खिलाफ आयोजित महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा आज पटना में समाप्त हुई। एनडीए ने कहा– बिहार के लोगों ने यात्रा को पूरी तरह नकारा।

03. केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा– बिहार में खनन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। ईंट उद्योग को हर संभव मदद का दिया भरोसा।

05. और, राजगीर में एशिया कप हॉकी पुरूष चैंपियनशिप में भारत आज अपना अंतिम लीग मैच कजाख्स्तान के साथ खेलेगा।

---

निर्वाचन आयोग की ओर से प्रकाशित एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने की समय सीमा आज समाप्त हो गई। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जायेगा। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि आज दिन के तीन बजे तक **दो लाख तिरेपन हजार पांच सौ चौबीस** मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों में भाकपा–माले की ओर से **एक सौ अठारह** और राजद की ओर से **दस** दावा–आपत्ति दर्ज कराई गयी है। भाजपा ने प्रारूप सूची से नाम हटाने के लिए सोलह आवेदन दिए हैं। नौ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ओर से किसी प्रकार की दावा आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई है। आयोग के अनुसार अब तक **दो लाख सत्रह हजार उनचास** लोगों ने अपने नाम प्रारूप सूची से हटाने के लिए आवेदन किये हैं, जबकि **छत्तीस हजार चार सौ पचहत्तर** मतदाताओं ने अपने नाम शामिल किये जाने को लेकर दावा पेश किया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए **सोलह लाख छप्पन हजार आठ सौ छियासी** नये आवेदन भी प्राप्त हुये हैं। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में एसआईआर की मसौदा मतदाता सूची पर दावे, आपत्तियाँ और सुधार आज के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन मतदाता सूची के अंतिम रूप देने के बाद ही उन पर विचार किया जाएगा। आयोग ने

यह दलील एसआईआर के खिलाफ दायर मामलों पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय में दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने ऐसे दावे दायर करने की समय सीमा आज से आगे बढ़ाने का कोई निर्देश नहीं दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष को विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत तैयार की जा रही मतदाता सूची में ऑनलाइन दावे, आपत्तियाँ और सुधार प्रस्तुत करने में मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध–विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति करने का भी निर्देश दिया।

---

एसआईआर के खिलाफ आयोजित महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा आज समाप्त हो गई। यात्रा के आज अंतिम दिन पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, अशोक गहलोत, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन, विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले के दीपंकर भट्टाचार्य समेत विभिन्न घटक दलों के नेता शामिल हुए। यह यात्रा गांधी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा के पास से शुरू हुई और पटना हाईकोर्ट स्थित डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न हुई। यात्रा के क्रम में डाकबंगला चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार पर संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआईआर के नाम पर गरीबों और वंचितों से मत देने का अधिकार छिना जा रहा है।

–––बाइट–––

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के जरिए केन्द्र सरकार लोगों को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास कर रही है।

–––बाइट–––

इससे पहले सभा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झामुमो के हेमंत सोरेन और वीआईपी के मुकेश सहनी समेत कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

---

एनडीए ने कहा है कि महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा को बिहार के लोगों ने नकार दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस यात्रा के दौरान महागठबंधन के घटक दलों के बीच मतभेद खुलकर दिखा।

———बाइट———

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायवाल ने कहा इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द कहे गए जो महागठबंधन में शामिल दलों की मानसिकता को दिखाता है।

———बाइट———

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा के दौरान विपक्ष की राजनीति का गिरता स्तर दिखा। सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ असंसदीय टिप्पणी की गई, जिसे राज्य की जनता माफ नहीं करेगी।

———बाइट———

---

केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज पटना में उच्च्च स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद श्री रेड्डी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिहार में खनन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

———बाइट———

श्री रेड्डी ने पटना में ईंट उत्पादक संघों के प्रमुखों के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि कोयला और खनिज क्षेत्र का विकास राज्य के ईंट उद्योग को नई

उंचाईयों पर ले जा रहा है। उन्होंने ईट उद्योग को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया।

–––बाइट–––

बैठक में केन्द्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दूबे और उप मुख्यमंत्री सह खान और भू–तत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा समेत वरिष्ठ विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे।

---

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में सात दशमलव आठ प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। यह साबित करता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बेहतर देश की अर्थव्यवस्था कोई नहीं संभाल सकता।

–––बाइट–––

इतना स्पेक्टिकुलर ग्रोथ 7 प्वाइंट 8 परसेंट हमारे इस क्वार्टर में जो जीडीपी ग्रोथ हुआ है उससे साबित हो गया कि मोदी जी से ज्यादा अच्छा इकोनामिक मैनेजमेंट कोई कर नहीं सकता है। पूरा दुनिया में भारत का इकोनामिक ग्रोथ को लेकर के सारा टॉप इकोनॉमिस्ट कह रहे हैं कि भारत का अर्थव्यवस्था को सबसे अच्छी तरह से मोदी जी चला रहे हैं।

---

राजगीर में एशिया कप हॉकी पुरूष चैंपियनशिप में भारत अब से थोड़ी देर बाद शाम साढ़े सात बजे अपना अंतिम लीग मैच कजाख्स्तान के साथ खेलेगा। भारतीय टीम ने अब तक अपने दो मैचों में चीन और जापान के खिलाफ जीत हासिल की है। भारत अंक तालिका में छह अंकों के साथ पहले स्थान पर है। मैच को लेकर आम लोगों में काफी उत्साह है।

–––बाइट–––

भारत और कजाख्स्तान के बीच होने वाले मैच का सीधा प्रसारण आकाशवाणी के पटना केन्द्र से किया जायेगा। इधर, आज खेले गए पूल–बी के मुकाबले में कोरिया की टीम ने बांग्लादेश को पांच–एक के अंतर से पराजित किया।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि सितम्बर महीने में राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य बारिश होने की संभावना है। विभाग ने कहा कि इस अवधि में राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। अगस्त महीने के दौरान राज्य में सामान्य से नौ प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। इधर, विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल राज्य के उत्तर–पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भाग में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा के सिलाव में बासठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के कुरई गांव में वज्रपात की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि पांच गंभीर रूप से झुलस गईं। ये सभी खेत में काम कर रही थीं।

---

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना मे आज से हिन्दी पखवाड़ा और पुस्तक चौदस मेला की शुरूआत हुई। इसका उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने किया।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने इकहतरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा तेरह सितम्बर को मध्यान्ह बारह बजे से अपराह्न दो बजे तक आयोजित की जायेगी।

---

01. एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने की समय सीमा समाप्त। हालांकि निर्वाचन आयोग ने कहा– मतदाता सूची पर दावे, आपत्तियाँ और सुधार आज के बाद भी दायर किए जा सकते हैं।

02. एसआईआर के खिलाफ आयोजित महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा आज पटना में समाप्त हुई। एनडीए ने कहा– बिहार के लोगों ने यात्रा को पूरी तरह नकारा।

03. केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा– बिहार में खनन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। ईंट उद्योग को हर संभव मदद का दिया भरोसा।

05. और, राजगीर में एशिया कप हॉकी पुरूष चैंपियनशिप में भारत आज अपना अंतिम लीग मैच कजाख्स्तान के साथ खेलेगा।

---

समाप्त